# उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग

(जिला योजना)

e-Mail:- **dpohazaribagh@gmail.com**

## अल्पकालीन इच्छा की अभिव्यक्ति

सरकार के सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड, राँची के ज्ञापांक 39/स्वी0 दिनांक 29.10.2021 द्वारा प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना (PMAGY) (Phase-I) अन्तर्गत हजारीबाग जिला के विभिन्न प्रखण्डों में चयनित 14 ग्रामों में विभिन्न प्रशिक्षण योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु विभिन्न शर्त्तों के साथ अल्पकालीन इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है। इच्छुक संस्थान/फर्म दिनांक 03.01.2025 के अपराह्न 12:30 बजे तक निम्नांकित शर्त्तों के अनुरूप अपना मुहरबंद इच्छा की अभिव्यक्ति एवं विस्तृत विवरणी जिला योजना कार्यालय, हजारीबाग, समाहरणालय भवन, द्वितीय तल्ल में जमा किया जाना है एवं दिनांक–03.01.2025 के अपराह्न 02:30 बजे प्राप्त इच्छा की अभिव्यक्तियों को समिति के समक्ष खोला जायेगा। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् जमा किये जाने वाले इच्छा की अभिव्यक्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

इच्छा की अभिव्यक्ति के नियम एवं शर्त्तें, संलग्न किये जाने वाले दस्तावेजों की विवरणी, Scope of Work (Annexure-1) आदि समाहरणालय, हजारीबाग के वेबसाईट https://www.hazaribag.nic.in पर देखा जा सकता है।

19/12/24

जिला योजना पदाधिकारी
हजारीबाग।

tenders time
grow your business rapidly

Contact for Tender Filling and Documentation
Mob No.: +91 - 9630030343
Helpline: - 18008892553
Email ID:- proposal@tenderstime.com
Website:- www.tenderstime.com

**निविदा की सामान्य शर्त्तें** :—

1. इच्छुक निविदादाता का इच्छा की अभिव्यक्ति सीलबन्द एवं मुहरबंद लिफाफे में निबंधित डाक या स्वयं निविदादाता या प्रतिनिधि के हाथों–हाथ **दिनांक 03.01.2025 के अपराह्न 12:30 बजे** तक जिला योजना कार्यालय, हजारीबाग, समाहरणालय भवन, द्वितीय तल्ल में प्राप्त किया जायेगा।
2. निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त इच्छा की अभिव्यक्ति स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
3. प्राप्त इच्छा की अभिव्यक्ति **दिनांक 03.01.2025 के अपराह्न 02:30 बजे** समाहरणालय सभाकक्ष में जिला क्रय समिति के समक्ष खोला जायेगा।
4. सभी दर प्रस्तावक द्विलिफाफा प्रणाली (Double Envelope System) के अनुसार डाली जायेगी।
5. निविदादाता एक लिफाफे में साफ–साफ शब्दों में "Technical Bid" लिखकर उसमें इच्छा की अभिव्यक्ति के साथ मांगे गये सारे कागजात, प्रमाण–पत्र एवं बैंक ड्राफ्ट डालेंगे तथा उसे सीलबंद तथा मोहरबंद किया जायेगा। साथ ही उस पर अपना नाम, पता, मोबाईल नं0, ई–मेल साफ–साफ लिखेंगे।
6. निविदादाता दूसरे लिफाफा में साफ–साफ शब्दों में "Financial Bid" अंकित करेंगे। उक्त लिफाफे में मशीन/उपकरण एवं सामग्रियों का दर, अधिष्ठापन एवं कर इत्यादि अलग–अलग क्रमांक के अनुसार अंकित करेंगे और उस लिफाफे को सीलबंद एवं मोहरबंद करेंगे। उस लिफाफे में दर के अलावा कोई अन्य कागजात नहीं डाला जायेगा। उक्त लिफाफे में निविदादाता अपना नाम, पत्ता, मोबाईल नं0, ई–मेल साफ–साफ लिखेंगे। तत्पश्चात् दोनों लिफाफे को एक तीसरे लिफाफा में डालकर सीलबंद, मोहरबंद करेंगे तथा उस पर भी अपना नाम, पत्ता, मोबाईल नं0, ई–मेल साफ–साफ लिखेंगे।
7. तकनीकी निविदा में संलग्न प्रपत्र की सूची (Index) पेज नं0 के साथ देना अनिवार्य होगा एवं सभी प्रपत्र स्व0 अभिप्रमाणित होना चाहिए।
8. पहले तकनीकी बीड खोली जायेगी, तत्पश्चात् मूल्यांकन में **60% या उससे अधिक** अंक लाने वाले निविदादाता का ही वित्तीय बीड खोला जायेगा।
9. चयनित एजेंसी को इस कार्य हेतु कोई अग्रिम राशि नहीं दी जायेगी।
10. कार्य समय पर नहीं करने पर संपूर्ण राशि का भुगतान रोकने या समानुपातिक कटौती करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।
11. किसी भी वैधानिक मामले में इस अति अल्पकालीन इच्छा की अभिव्यक्ति का दावा किसी न्यायालय में नहीं किया जा सकता है।
12. बिना कारण बताये इच्छा की अभिव्यक्ति को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा तथा इसके लिए कोई सूचना अलग से प्रकाशित नहीं किया जायेगा।

**तकनीकी लिफाफे के अन्दर** :—

1. GST निबंधन प्रमाण–पत्र, अद्यतन GST Return की प्रति।
2. निविदादाता को 100/— रूपये का e-Stamp Paper पर शपथ पत्र देना होगा कि :—
   क) उनके द्वारा दी गई कम्पनी एवं निविदादाता स्वयं राज्य या केन्द्र सरकार द्वारा काली सूची में दर्ज नहीं है।
   ख) उनके द्वारा दी गई कम्पनी एवं निविदादाता स्वयं रूग्नावस्था में नहीं हैं।
   ग) उनके द्वारा दी गई कम्पनी एवं निविदादाता स्वयं का न्यायालय में कोई मामला या मुकदमा दर्ज नहीं है तथा उनके विरूद्ध कोई आरोप या जाँच लंबित नहीं है का शपथ–पत्र निविदा प्रकाशन की तिथि के बाद का संलग्न करना अनिवार्य होगा।
   घ) निविदादाता द्वारा दी गई कम्पनी का झारखण्ड राज्य में अधिकृत प्रतिष्ठान एवं प्रशिक्षण संस्थान का कार्यालय होने का पूर्ण पता के साथ शपथ–पत्र देना होगा।
3. निविदादात ... 022–23 एवं 2023–24 का आयकर प्रमाण–पत्र एवं ऑडिट रिपोर्ट संल ...

tenders time
grow your business rapidly
Contact for Tender Filling and Documentation
Mob No.: +91 - 9630030343
Helpline: - 18008892553
Email ID:- proposal@tenderstime.com
Website:- www.tenderstime.com

4. गत तीन वित्तीय वर्ष 2021–22, 2022–23 एवं 2023–24का औसतन न्यूनतम टर्न–ओवर 1,00,00,000.00 (एक करोड़) रूपये या अधिक होना चाहिए।
5. इच्छा की अभिव्यक्ति के साथ 50,000 (पचास हजार) रूपये का अग्रधन राशि का बैंक ड्राफ्ट जो जिला योजना पदाधिकारी, हजारीबाग के नाम से भुग्तेय हो, संलग्न करना होगा।
6. निविदादाता द्वारा 5,000 (पाँच हजार) रूपये का निविदा शुल्क राशि का बैंक ड्राफ्ट जो जिला योजना पदाधिकारी, हजारीबाग के नाम से भुग्तेय हो, संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. तकनीकी मूल्यांकन का मानदंड निम्नवत् निर्धारित है :–

| क्र0 | मूल्यांकन | अंक |
|---|---|---|
| (a) | तकनीकी | |
| 1 | Detail of Module/Course Material (Hard / Soft Copy) | 20 |
| 2 | Plan of Action for completion of training (in Power Point Presentation Form) | 30 |
| 3 | Use of Technology in Learning (Based in Module + Context knowledge) | 10 |
| 4 | Interview of Tutor/Manager | 10 |
| | कुल | **70** |
| (b) | वित्तीय बीड (Per person training/educational kit cost) | 30 |
| | **कुल (a+b)** | **100** |

**Note:- 1- A module regarding, Agriculture & Animal Husbandry Schemes, Livelihood opportunities and Financial literacy will be prepared and provided to the instructors.**

**2- Minimum qualification for instructor is good knowledge in given sectors.**

वित्तीय निविदा :–

1. तकनीकी मूल्यांकन में 60% या उससे अधिक अंक लाने वाले निविदादाता को ही वित्तीय बीड के लिए Qualified समझा जायेगा।
2. पहले तकनीकी बीड खोली जायेगी, तत्पश्चात् मूल्यांकन में सफल होने **के बाद ही** निविदादाता का वित्तीय बीड खोला जायेगा।
3. वित्तीय बीड में दी गई संख्या के आलोक में प्रति सामग्री का दर निर्धारित करना आवश्यक होगा। सभी सामग्री का दर जोड़ने के उपरान्त सबसे कम दर वाले निविदादाता को अधिक अंक दिया जायेगा।
4. दर का निर्धारण सभी प्रकार के कर सहित निर्धारित करना अनिवार्य है।

ह0/–
जिला योजना पदाधिकारी
हजारीबाग।

tenders time
grow your business rapidly

**Contact for Tender Filling and Documentation**
Mob No.: +91 - 9630030343
Helpline: - 18008892553
Email ID:- proposal@tenderstime.com
Website:- www.tenderstime.com

## Annexure-1

**कार्य प्रधानमंत्री ग्राम आदर्श योजना (PMAGY) Phase-I अन्तर्गत चयनित ग्रामों के तहत विभिन्न प्रशिक्षण योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु निर्धारित प्रक्षेत्र विवरणी :–**

| क्र० सं० | प्रखण्ड | PMAGY ग्राम | प्रशिक्षणार्थियों की संख्या | योजना का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Chauparan | Ahri | 40 | Training of Self Employment (Bamboo and cane craft making) |
| 2 | | Pandariya | 30 | |
| 3 | Tatijhariya | Murumatu | 30 | |
| 4 | Barkagaon | Motra | 30 | |
| 5 | | Koylang | 40 | |
| | | **Total :-** | **170** | |
| 6 | Chauparan | Karma | 30 | Training of Self Employment (Animal Husbandary-Piggery/Goat rearing/Poultry) |
| 7 | | Ahri | 40 | |
| 8 | Keredri | Manatu | 30 | |
| 9 | Katkamdag | Bes | 30 | |
| 10 | | Sirsi | 30 | |
| 11 | Chalkusa | Narayan | 40 | |
| 12 | Barkagaon | Motra | 20 | |
| 13 | | Koylang | 30 | |
| 14 | | Devgarh | 25 | |
| 15 | Katkamsandi | Ashdhir | 30 | |
| | | **Total :-** | **305** | |
| 16 | Keredari | Karali | 20 | Training of Self Employment (Womens Tailor) |
| 17 | | Lohra | 30 | |
| 18 | Katkamdag | Bes | 40 | |
| 19 | | Sirsi | 40 | |
| 20 | Barkagaon | Motra | 20 | |
| 21 | | Koylang | 20 | |
| 22 | | Devgarh | 20 | |
| 23 | Katkamsandi | Ashdhir | 30 | |
| | | **Total :-** | **220** | |
| 24 | Keredari | Manatu | 50 | Training of Self Employment (Papd, Pickles & Masala Powder Making) |
| | | **Total :-** | **50** | |
| 25 | Keredari | Karali | 30 | Training of Self Employment (Mushroom Cultivation/Vegetable Nurserty Management & Cultivation) |
| | | | 0 | |
| | | **Total :-** | **30** | |
| | | **Grand Total :-** | **775** | |

ह० / –
जिला योजना पदाधिकारी
हजारीबाग ।

tenders time
grow your business rapidly
Contact for Tender Filling and Documentation
Mob No.: +91 - 9630030343
Helpline: - 18008892553
Email ID:- proposal@tenderstime.com
Website:- www.tenderstime.com